# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक: 27.02.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी–राष्ट्रपति पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के वायुशक्ति युद्ध अभ्यास का अवलोकन कर रही हैं।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अजमेर से 16 हजार 600 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।**
- **प्रधानमंत्री ने पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए ए.आई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के उपयोग पर जोर दिया।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा– राजस्थान प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है।**

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। उन्होंने ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ करीब 25 मिनट तक हवाई यात्रा की। इस दौरान हेलीकॉप्टर जैसलमेर किले और गड़ीसर तालाब के ऊपर से गुजरा। उड़ान के बाद राष्ट्रपति ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि इस हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने से उन्हें देश की रक्षा क्षमताओं की जानकारी मिली है। उन्होंने भारतीय वायुसेना और जैसलमेर स्टेशन की टीम को बधाई दी। राष्ट्रपति पोखरण में भारतीय वायुसेना के वायु शक्ति अभ्यास का अवलोकन कर रही हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अजमेर के दौरे पर रहेंगे। वे कायड़ विश्राम स्थली से सुबह साढ़े ग्यारह बजे 16 हजार 680 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे बांदीकुई से जयपुर के बीच एक्सप्रेस–वे और अमृतसर–जामनगर तथा दिल्ली–वड़ोदरा एक्सप्रेस–वे के विभिन्न खंडों का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री जोधपुर शहर में एलिवेटेड रोड की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री नोनेरा और परवन–अकावद पेयजल परियोजनाओं के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा सौर ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम का लोकार्पण करेंगे। साथ ही पांच सब–स्टेशनों की आधारशिला रखी जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री देश की 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी  टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। यह अभियान सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए संचालित किया जाएगा।  प्रदेश के 21 हजार 800 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के विस्तार के साथ देश रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त" विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रकियाओं को सरल बनाने और सुगम व्यापार से ये उपलब्धि हासिल हुई है।

.....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधार की गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के व्यापक उपयोग के माध्यम से पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में लगातार बढोतरी की जा रही है।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर में केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान–काजरी में आयोजित किसान मेले का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को सम्बोधित भी किया।

श्री शेखावत ने कहा कि केन्द्र सरकार श्रीअन्न के उत्पादन तथा प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के प्रयासों से देश दलहन और अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है। इससे पहले मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की सामरिक शक्ति बढ़ी है और रक्षा उपकरणों के स्वदेशी निर्माण की क्षमता में सुधार हुआ है।

000

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करना दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. को सभी पुस्तकें वापस लेने और रद्द करने का निर्देश दिया है। इस मामले पर खेद व्यक्त करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि मंत्रालय, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। श्री शर्मा आज जयपुर में आयोजित 'राजस्थान सी–साइड स्टार्टअप समिट–2026' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उद्यमियों से प्रदेश में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार ने प्रक्रियाओं को सरल बनाया है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आई–स्टार्ट के माध्यम से प्रदेश में 3 हजार 450 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। राजस्थान नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स के लिए स्टार्टअप्स को विकसित किया जा रहा हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज विधानसभा में बजट पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा दिए गए सुझाव महत्वपूर्ण हैं और सरकार इनका अध्ययन करवाएगी। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि पिछले दो वर्षों में 91 योजनाओं में पिछली सरकार के कार्यकाल की तुलना में अधिक प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के पांच वर्षों की तुलना में वर्तमान सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद दर अधिक रही है।

.....................

श्री शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान प्रदेश की राजस्व आय में भी बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री ने इन आंकड़ों को प्रदेश की प्रगति का आधार बताया।

000

बालोतरा जिले में आज एक सड़क हादसे में छह लोगों की मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना पचपदरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे–25 पर सरवड़ी के निजी पास बस और ट्रेलर के टकरा जाने से हुई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में दस से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है। ये बस जोधपुर से बालोतरा की ओर जा रही थी।

000

श्रम संहिताओं पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य, श्रम सुधारों में बराबर के भागीदार हैं। श्री मांडविया ने बताया कि चार श्रम संहिताओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के

अनुसार तैयार किया गया है, जो 21 नवंबर 2025 से प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से श्रमिकों की सुरक्षा बढ़ी है और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इसकी प्रशंसा की है।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने होली पर्व के लिए 35 विशेष ट्रेनों के 273 ट्रिप संचालित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही पहले से चलायी जा रही 30 स्पेशल ट्रेनों के 216 ट्रिप की अवधि बढायी गयी है। यात्री भार को देखते हुए 53 नियमित ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों के 141 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े गए हैं। यह रेल गाड़ियां जोधपुर, श्रीगंगानगर, उदयपुर और जयपुर से गोरखपुर, ऋषिकेश, हावड़ा तथा मुंबई जैसे शहरों के लिए चलायी जाएंगी। साथ ही रेलवे ने स्टेशनों पर सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अभियान शुरू किया है।

000